Title: Need to extend `Kapadvanj- Nadiad' train upto Anand in Gujarat and also attach more bogies to it.

14.44 1/4 hrs.

श्री जयसिंहजी चौहान (कपड़वंज) : अध्यक्ष महोदय, सदन के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र में चलने वाली 'कपडबंज-नडियाद' ट्रेन की ओर दिलाना चाहता हूं। कपडबंज-नडियाद ट्रेन में सिर्फ एक ही डिब्बे की व्यवस्था है जिससे यात्रियों को काफी कठिनाई होती है। उक्त ट्रेन पहले कपडबंज से आणंद तक जाती थी

लेकिन अब नडियाद तक ही जाती है। उक्त ट्रेन का कपडबंज और नडियाद के बीच कोई ठहराव नहीं है। लोकहित के दृष्टिकोण से उक्त ट्रेन का ठहराव (स्टॉपेज) कडलाल, महुधा, आंतरोली, तोरणा, वीणा आदि स्टेशनों में होना चाहिए।

अतः सरकार से मेरा अनुरोध है कि उक्त ट्रेन में डिब्बों की संख्या बढ़वाने, उसे आणंद तक चलवाने एवं उक्त स्टेशनों पर ठहराव दिलवाने की अति कृपा की जाये।